लगभग 10 दिन पश्चात् जिलाधिकारी महोदय द्वारा पुनः एक जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक कराने हेतु निर्देश दिये गये, जिसमें कि विस्तृत रूप से ठेकेदार फर्म, थर्ड पार्टी एजेंसी, आई0एस0ए0 एवं यू0पी0पी0सी0एल0 अपना–अपना पक्ष presentation के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।

अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत डी0पी0आर0 को क्रॉस चैक करने हेतु लघु सिंचाई विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग को निर्देशित किया गया। लघु सिंचाई विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा डी0पी0आर0 चैक करने के उपरान्त निम्नवत् डी0पी0आर0 उपयुक्त पाई गई। विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र. सं. | योजना का नाम | ब्लॉक का नाम | योजना में सम्मिलित ग्रामों की सं0 | योजना में प्राविधानित FHTC की सं0 | वर्क कॉस्ट (लाख) | सैंटेज (लाख) | कुल लागत (लाख) | प्रति व्यक्ति लागत अभिकल्पित वर्ष (रु.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कनिया कल्याणपुर | सिम्भावली | 1 | 660 | 275.23 | 30.72 | 305.95 | 4665 |
| 2 | मुबारकपुर सलामतपुर – शकरपुर | सिम्भावली | 1 | 691 | 358.48 | 40.01 | 398.49 | 4939 |
| 3 | फतेहपुर मतनौरा | सिम्भावली | 1 | 494 | 289.95 | 32.36 | 322.31 | 5892 |
| 4 | अनूपपुर डिवाई | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 696 | 362.81 | 40.49 | 403.30 | 4647 |
| 5 | हसुपुरा | गढ़मुक्तेश्वर | 1 | 687 | 302.95 | 33.81 | 336.76 | 5347 |
| | | कुल योग | 5 | 3228 | | | 1766.81 | 5098 |

जनपद हापुड़ के अन्तर्गत उपलब्ध कराई गई 24 नग डी0पी0आर0 में से उपरोक्त 05 नग डी0पी0आर0 (**अनुमानित लागत रू0 1766.81 लाख**) जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति द्वारा संस्तुति सहित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित की जा रही है।

जिलाधिकारी / अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन"
समिति हापुड़

